Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 अक्तूबर, 2022

भारतीय सेना का 76वाँ इन्फैंट्री दिवस

भारतीय सेना की सबसे बड़ी **युद्धक शाखा इन्फैंट्री** के योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिये प्रतिवर्ष **27 अक्तूबर** को **इन्फैंट्री दिवस** मनाया जाता है। राष्ट्र के लिये इस दिवस का विशेष महत्त्व है क्योंकि **वर्ष 1947** में आज ही के दिन **भारतीय सेना के इन्फैंट्री सैनिकों (पैदल सैनिकों) का पहला सैन्य दस्ता श्रीनगर के हवाई अड्डे पर उतरा था।** इन इन्फैंट्री सैनिकों ने **आक्रमणकारियों को श्रीनगर के बाहरी इलाके से वापस खदेड़ दिया था** और पाकिस्तान द्वारा समर्थित **कबायली आक्रमण से जम्मू-कश्मीर राज्य की रक्षा** की थी। **वर्ष 2022** के **इन्फैंट्री दिवस समारोह** में राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले इन्फैंट्री के नायकों को सम्मान प्रदान करने के लिये **राष्ट्रीय युद्ध समारक पर 27 अक्तूबर** को एक **'पुष्पांजलि'** समारोह का आयोजन हुआ। इन्फैंट्री के सैनिकों के लिये दिये गए अपने संदेश में इन्फैंट्री के **महानिदेशक** ने सैनिकों से **बहादुरी, बलिदान और कर्त्तव्य** के प्रति निस्वार्थ समर्पण की भावना के साथ अपने आप को समर्पित करने एवं **राष्ट्र की एकता तथा संप्रभुता की रक्षा करने के संकल्प** में अजय बने रहने का आह्वान किया।

अंतर्राष्ट्रीय एनीमेशन दिवस

प्रत्येक वर्ष विश्व स्तर पर **28 अक्तूबर** को **अंतर्राष्ट्रीय एनीमेशन दिवस (International Animation Day)** के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस एनीमेशन की कला का उत्सव मनाने एवं एनिमिटेड फिल्मों सहित कलाकारों, वैज्ञानिकों और तकनीशियनों के एनिमिटेड आर्ट को पहचान प्रदान करने के लिये मनाया जाता है। **वर्ष 2002** में **अंतर्राष्ट्रीय एनिमिटेड फिल्म एसोसिएशन (ASIFA)** जो UNESCO का सदस्य है, द्वारा अंतर्राष्ट्रीय एनीमेशन दिवस (IAD) की घोषणा की गई थी। यह दिन पेरिस में 28 अक्तूबर, 1892 में एमिल रेनॉड के थियेटर ऑप्टीक के पहले सार्वजनिक प्रदर्शन की याद में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय एनिमिटेड फिल्म एसोसिएशन (ASIFA) एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1960 में एनेसी, फ्राँस में कनाडा के प्रसिद्ध एनिमिटर नॉर्मन मैकलारेन द्वारा की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-october-2022